# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, कुचामनसिटी जिला नागौर (राजस्थान)

पीठासीन अधिकारी :– श्री बाबुलाल जाट (**RAS**)

राजस्व वाद संख्या 104/2021 **RCMS 2021/427**

**वादी**

1. रतनाराम पुत्र भागूराम जाति मेघवाल निवासी ग्राम सबलपुरा तहसील कुचामनसिटी जिला नागौर, राजस्थान

**बनाम**

**प्रतिवादीगण**

1. नंदुडी पत्नी रतनाराम जाति मेघवाल निवासी सबलपुरा तहसील कुचामनसिटी जिला नागौर (राज.)
2. बिरदीदेवी पत्नी लालूराम (फौत)
   (अ)– प्रेमाराम पुत्र लालूराम जाति मेघवाल निवासी ग्राम अड़कसर तहसील कुचामनसिटी जिला नागौर (राज.)
3. राजस्थान सरकार भूमिधारी जरिये प्रतिनिधि तहसीलदार कुचामनसिटी

**दावा वास्ते इस्तकरार हक, व भू–विभाजन अन्तर्गत धारा 53, 88, R.T.Act 1955**

उपस्थित :– श्री बिरमाराम चौधरी अधिवक्ता वादी की ओर से।
श्री योगेश कुमावत अधिवक्ता प्रति. सं. 1 की ओर से।

**निर्णय**

दिनॉक :– 02/02/2022

वकुलाय उपस्थित। बहस कर कथन किया कि वाद पत्र में प्राथमिक डिक्री तहसीलदार कुचामन सिटी से प्राप्त हो चुकी है माफिक बंटवारा स्कीम के अन्तिम डिक्री फरमावें। वकुलाय की बहस पर वाद पत्र एवं वाद पत्र के संलग्न दिनांक 17.01.2022 को प्राथमिक डिक्री जारी कर तहसीलदार कुचामनसिटी से बंटवारा स्कीम मंगवाई गई। तहसीलदार कुचामनसिटी ने बंटवारा स्कीम पत्रांक भू0अ0/2021/149 दिंनाक 01.02.2022 के द्वारा भिजवाई गई, बंटवारा स्कीम शामिल मिसल उपलब्ध है। वकील वादी की अन्तिम डिक्री हेतु बहस का मनन एवं संलग्न प्राथमिक डिक्री व तहसीलदार से प्राप्त बंटवारा स्कीम का अवलोकन करने से न्यायालय का मत है कि वादी का वाद काबिल अन्तिम डिक्री पाया जाने से निम्न प्रकार अन्तिम डिक्री जारी की जाती है।

**आदेश**

वाद वादी डिक्री कर घोषणा कर आदेशित किया जाता है कि ग्राम अड़कसर तहसील कुचामनसिटी के खसरा नम्बर 465 रकबा 1.8100 हैक्टर किस्म चाही में नायब तहसीलदार चितावा/तहसीलदार कुचामनसिटी से प्राप्त प्राथमिक डिक्री पालना मौका रिपोर्ट दिनॉक 27.01.2022 अनुसार वादी रतनाराम पुत्र भागूराम मेघवाल हिस्सा 0.6069 हैक्टर **C** भाग,

उपखण्ड अधिकारी

प्रतिवादी नंदुड़ी पत्नी रतनाराम मेघवाल हिस्सा 0.6069 हैक्टर **B** भाग, बिरदी देवी पत्नी लालूराम हिस्सा 0.4762 हैक्टर **A** भाग के खातेदार काश्तकार घोषित किये जाते है तथा 0.12 हैक्टर रास्ते की भूमि खातेदारान की खातेदारी में दर्ज रहेगी तथा नक्शा ट्रेस में उक्त रास्ते का अंकन स्पष्ट रूप से किया जावे। बंटवारा स्कीम निर्णय का भाग रहेगी। अन्तिम डिक्री पर्चा भरा जाकर शामिल मिसल हो। बंटवारा स्टाम्प ड्यूटी पेश होने पर राजस्व रेकर्ड में अमल दरामद एवं नक्शे में तरमीम किये जाने हेतु तहसीलदार कुचामनसिटी को तहरीर जारी हो।

निर्णय आज दिनॉक 02/04/2022 को सरे इजलास सुनाया गया।

(बाबुलाल जाट R.A.S.)
उपखण्ड अधिकारी
कुचामनसिटी (नागौर)
उपखण्ड अधिकारी
कुचामन सिटी (नागौर)

डिक्री मुकदमा इन्तेहाई
(ओ.20 रूल 6–7 जाब्ता दीवानी)

**अज अदालत : उपखण्ड अधिकारी मुकाम : कुचामन सिटी**

बइजलास : **बाबुलाल जाट (आर.ए.एस.)**

राजस्व वाद संख्या 104/2021 **RCMS 2021/427**

**वादी**

1. रतनाराम पुत्र भागूराम जाति मेघवाल निवासी ग्राम सबलपुरा तहसील कुचामनसिटी जिला नागौर, राजस्थान

**बनाम**

**प्रतिवादीगण**

1. नंदुडी पत्नी रतनाराम जाति मेघवाल निवासी सबलपुरा तहसील कुचामनसिटी जिला नागौर (राज.)
2. बिरदीदेवी पत्नी लालूराम (फौत)
   (अ)– प्रेमाराम पुत्र लालूराम जाति मेघवाल निवासी ग्राम अड़कसर तहसील कुचामनसिटी जिला नागौर
3. राजस्थान सरकार भूमिधारी जरिये प्रतिनिधि तहसीलदार कुचामनसिटी

**दावा वास्ते इस्तकरार हक, व भू–विभाजन अन्तर्गत धारा 53, 88, R.T.Act 1955**

यह मुकदमा आज वास्ते इनफिसाल कतई रू–बरू वकील श्री बिरमाराम चौधरी अधिवक्ता हाजिरी ........... ........ मिनजानिब मुदई रू–बरू योगेश कुमार कुमावत अधिवक्ता मिनजानिब मुदायलह पेश होकर हुक्म दिया जाता है कि **वाद वादी डिक्री कर घोषणा कर आदेशित किया जाता है कि ग्राम अड़कसर तहसील कुचामनसिटी के खसरा नम्बर 465 रकबा 1.8100 हैक्टर किस्म चाही में नायब तहसीलदार चितावा/तहसीलदार कुचामनसिटी से प्राप्त प्राथमिक डिक्री पालना मौका रिपोर्ट दिनॉक 27.01.2022 अनुसार वादी रतनाराम पुत्र भागूराम मेघवाल हिस्सा 0.6069 हैक्टर C भाग, प्रतिवादी नंदुड़ी पत्नी रतनाराम मेघवाल हिस्सा 0.6069 हैक्टर B भाग, बिरदी देवी पत्नी लालूराम हिस्सा 0.4762 हैक्टर A भाग के खातेदार काश्तकार घोषित किये जाते है तथा 0.12 हैक्टर रास्ते की भूमि खातेदारान की खातेदारी में दर्ज रहेगी तथा नक्शा ट्रेस में उक्त रास्ते का अंकन स्पष्ट रूप से किया जावे। बंटवारा स्कीम निर्णय का भाग रहेगी। अन्तिम डिक्री पर्चा भरा जाकर शामिल मिसल हो। बंटवारा स्टाम्प ड्यूटी पेश होने पर राजस्व रेकर्ड में अमल दरामद एवं नक्शे में तरमीम किये जाने हेतु तहसीलदार कुचामनसिटी को तहरीर जारी हो।**

निज ............................ मुबलिग ......... बाबत..................खर्चा इस मुकदमे के मय सूद शरह.... फीसदी सालाना आज की तारिख से तारीख अदायगी तक ............. का अदा करें।

बसब्त मेरे दस्तखत व मुहर अदालत के आज दिनांक 03 माह 02 सन् 2022 को जारी की गई।

दस्तखत..............................

ओहदा..... उपखण्ड अधिकारी (मुहर)
कुचामन सिटी (नागौर)

| मुदई | रूपयें | पैसे | मुदायलय | रूपयें | पैसे |
|---|---|---|---|---|---|
| स्टाम्प अर्जी दावा | | | स्टाम्प अर्जी दावा | | |
| स्टाम्प वकालात नामा | | | स्टाम्प अर्जी | | |
| स्टाम्प वजह सबूत | | | महन्ताना वकिल | | |
| महन्ताना वकिल | | | खर्चा गवाहन | | |
| खर्चा गवाहन | | | फिस कमिश्नर | | |
| फिस कमिश्नर | | | बबत इजराय हुक्मनामा | | |
| बबत इजराय हुक्मनामा | | | मुतफरिक | | |
| मीजान | | | मीजान | | |

नोटः इस खर्चा के फार्म पर कुल खर्चा हर दो फरीकेत का चाहे डिगरी के जरिये दिखाया गया हो या नहीं, दर्ज करना चाहिए।

आज़ादी का अमृत महोत्सव

राजस्थान सरकार

भीम BHIM भारत इंटरफेस मनी

# कार्यालय तहसीलदार (भू.अ.) कुचामन सिटी जिला नागौर (राज0)

क्रमांक /भू.अ./2021/149                                                    दिनांक – 01.02.2022

प्रेषित –

श्रीमान उपखण्ड अधिकारी महोदय
कुचामनसिटी

विषय – राजस्व वाद सं. 104/2020 रतनाराम बनाम नंदुडी वगैरह में पारित प्राथमिक डिक्री की पालना बाबत्।

प्रसंग – श्रीमान के पत्रांक राजस्व/2022/05 दिनांक 17.01.2022

महोदय,

उपरोक्त प्रासंगिक विषयांतर्गत निवेदन है कि राजस्व प्रार्थना पत्र संख्या 104/2020 रतनाराम बनाम नंदुडी वगैरह में पारित प्राथमिक डिक्री अनुसार बंटवारा स्कीम नायब तहसीलदार (भू.अ.) चितावा व भू.अ.नि. चितावा के द्वारा तैयार करवाई गई है।

अतः मूल ही बंटवारा स्कीम श्रीमान की सेवा में सादर प्रेषित है।

संलग्न – उपरोक्तानुसार

तहसीलदार (भू.अ.) कुचामन सिटी

तहसीलदार(भू.अ.)कुचामनसिटी

मौका रिपोर्ट

( विभाजन प्रस्ताव )


मैं ................................(नाम) तहसीलदार................, न्यायालय सहायक कलेक्टर/उपखण्ड अधिकारी कुचामनसिटी के आदेश कमांक /राजस्व/2022/05, TDR कु.सिटी के आदेश क्रमांक/मू.अ/38 दि. 19.01.2022 दिनांक 17.01.22 की पालना में भूमि के विभाजन प्रस्ताव तैयार करने हेतु आज दिनांक 27/01/22 समय 02 P.M. बजे आराजी खसरा नम्बर– 465 वाके ग्राम अडकसर पटवार हल्का अडकसर पर श्री नरेन्द्र कुमार बिजारणियां नायब तहसीलदार / भू अभिलेख निरीक्षक / पटवारी श्री नागरमल सेसमा के साथ मौके पर पहुंचा।

न्यायालय सहायक कलेक्टर/उपखण्ड अधिकारी, कुचामनसिटी में विचाराधीन प्रकरण संख्या– 104/20 RCMS20/427 के समस्त पक्षकारों को तहसील कार्यालय से नोटिस कमांक ................ दिनांक .................... द्वारा जारी किये गये थे जिनकी तामील विधिवत रूप से करवायी गयी। समस्त पक्षकारों में से मौके पर निम्न पक्षकार उपस्थित थे :–

| क.सं. | नाम | पिता का नाम | उम्र | जाति | वादी/ प्रतिवादी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | रतनाराम पुत्र भागुराम | | 56 | मेघवाल | वादी |
| 2. | नन्दुडी पत्नि रतनाराम | | 54 | मेघवाल | प्रतिवादी |
| 3. | प्रेमाराम पुत्र लालुराम | | 60 | मेघवाल | प्रतिवादी (विरासत से) |

उपर्युक्त पक्षकारों की उपस्थिति में भूमि का मुआयना मौका किया गया एवं राजस्थान काश्तकारी (राजस्व मण्डल) नियम–1955 के नियम–18 से 21 के अनुसार निम्न प्रकार से विभाजन प्रस्ताव तैयार किये गये :–

नजरी-नक्शा




ग्राम अडकसर के ख.न. 465 रकबा 1.81 है. भूमि मे नन्दुडी w/o रतनाराम का हिस्सा 65/181, रतनाराम पुत्र भागुराम का हिस्सा 65/181 तथा बिरदीदेवी पत्नि लालुराम का हिस्सा 51/181 रिकार्ड में दर्ज है। निर्णयअनुसार एवं मौके अनुसार विभाजन में निम्नप्रकार होगा :– भाग (A) पर 0.4762 हे. भूमि बिरदीदेवी के हिस्से में रहेगी। बिरदीदेवी की मृत्यु हो चुकी है। बाद मे प्रेमाराम को प्रतिवादी बनाया गया है।
भाग (B) पर 0.6069 हे. भूमि नन्दुडी पत्नि रतनाराम का कब्जा काश्त है।
भाग (C) पर 0.6069 हे. भूमि रतनाराम पुत्र भागुराम का कब्जा काश्त है।
भाग (D) 0.12 हे. भूमि रास्ते की रहेगी। मौके पर ख.न. 996/464 गै.मु. रास्ता खातेदारी में दर्ज है जो मौके पर चालू है। ख.न. 465 मे से 0.12 हे. रास्ते की

उक्त विभाजन प्रस्ताव मौके पर उपस्थित पक्षकारों और मौतबिरानों को पढ़कर सुनाये गये। मौके पर उपस्थित पक्षकारों ने पढ़, सुन एवं समझ कर निम्न प्रकार हस्ताक्षर किये :-

| क.सं. | नाम | पिता का नाम | जाति | हस्ताक्षर | वादी/. प्रतिवादी. |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | रतनाराम | भागूराम | मेघवाल | [fingerprint] | वादी |
| 2. | नान्दूडी | प० रतनाराम | मेघवाल | [fingerprint] | प्रतिवादी |
| 3. | भीमाराम | पु० गंगाराम | जाट | भीमाराम | मौतबिरान |
| 4. | अमरचन्द | पु० केसाराम | जाट | [signature] | मौतबिरान |

निम्न पक्षकारों ने विभाजन प्रस्ताव पढ़, सुनकर, समझ कर हस्ताक्षर करने से इन्कार कर दिया :-

| क.सं. | नाम | पिता का नाम | उम्र | जाति | वादी/. प्रतिवादी. |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रेमाराम | भोलूराम | 60 | मेघवाल | प्रतिवादी गैरहाजिर |

मौके पर अन्य मौतबिरान को भी उक्त विभाज़न प्रस्ताव पढ़कर सुनाये गये और निम्न प्रकार हस्ताक्षर करवाये गये :-

| क.सं. | नाम | पिता का नाम | उम्र | जाति | पता/. मोबाईल नं.. | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मांगूराम | नन्दाराम | 55 | जाट | 9460066326 | [signature] |
| 2. | प्रहलाद | भंवरराम | 35 | जाट | 8239984257 | प्रहलाद राम |
| 3. | छोटूराम | पु० भंवरराम | 45 | बावरी | 9783244591 | छोटूराम |
| 4. | रामेश्वरलाल | लिछमणराम | 36 | जाट | 9672156460 | रामेश्वर |

इस प्रकार आज दिनांक 27/01/2022 को यह मौका रिपोर्ट तैयार की गई है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| [signature] 27.01.22<br>हस्ताक्षर<br>पटवारी<br>पं. मं. अडकसर | [signature] 27/01/22<br>हस्ताक्षर<br>भू. अ. निरीक्षक<br>वृत.................... | [signature] 27.1.22<br>हस्ताक्षर<br>नायब तहसीलदार चितावा<br>तहसील कुचामन सिटी (नागौर) | हस्ताक्षर<br>तहसीलदार<br>.................. |

राजस्थान सरकार

NIC-BHUNAKSHA

खसरा नक्शा एंव जमाबंदी(प्रतिलिपि)

दिनांक : 27/01/2022 02:55:13 PM


जिला :नागौर

तहसील : कुचामन

भू. अ. नि. क्षेत्र :चितावा

पटवारी हल्का :अङकसर

ग्राम : अङकसर




खसरा संख्या :465 क्षेत्रफल : 1.8100 Hectare खाता संख्या : 199पुराना खाता संख्या :184

भूमि किस्म[क्षेत्रफल लगान ]: चाही 3 [ 0.3300, 5.94 ], जाव 3 [ 1.4800, 13.32 ]

3.) रतनाराम पुत्र भागूराम हिस्सा- 65/181 जाति- मेघवाल सा. सबलपुरा खातेदार

1.) नंदूड़ी पत्नि रतनाराम हिस्सा- 65/181 जाति- मेघवाल सा. सबलपुरा खातेदार

2.) बिरदीदेवी पत्नि लालूराम हिस्सा- 51/181 जाति- मेघवाल सा. देह खातेदार

सक्षम अधिकारी के हस्ताक्षर एंव सील

नोट :- १. यह प्रपत्र केवल प्रार्थी की जानकारी के लिए है।
२. इसका उपयोग किसी भी न्यायालय में साक्ष्य के रूप में नहीं किया जा सकता है।
३. प्रविष्टियों में संशोधन/सत्यापित प्रतिलिपि हेतु सम्बंधित जिला/तहसील कार्यालय में संपर्क करें। ULPIN no : null